संपादकीय

# के आकार की अर्थव्यवस्था

भारत में सचमुच अर्थव्यवस्था ने के आकार ग्रहण कर लिया है। जिस दौर में आर्थिक बदहाली की कहानियां आम हैं, तभी भारत में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है।

पहली नजर में इस आंकड़े पर यकीन करना मुश्किल होता है। लेकिन चूंकि आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र का है- यानी आधिकारिक है- तो इसे खारिज भी नहीं किया जा सकता। इस आंकड़े से दो खास संकेत मिले। पहला, तो यह कि भारत में सचमुच अर्थव्यवस्था ने के आकार ग्रहण कर लिया है। जिस दौर में महामारी और महंगाई के कारण जमीनी और मध्यम स्तरों पर बदहाली की कहानियां आम हैं, उसी दौर में समाज के एक तबके पास इतना पैसा है कि वह जुआ जैसी गतिविधियों में धन लगाने का जोखिम उठा लेता है। दूसरा संकेत यह है कि समाज में जिन तबकों के पास पैसा है, उनमें धनी से ज्यादा धनी होने की होड़ अब असीमित हो गई है। सच्चाई यह सामने आई है कि कोरोना महामारी के दौरान विश्व भर क्रिप्टोकरंसी में निवेश अभूतपूर्व दर से बढ़ा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान भारत में भी क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी। भारतीय आबादी में 7.3 फीसदी लोगों के पास आज डिजिटल करेंसी है।

2021 में क्रिप्टोकरेंसी रखने वाली आबादी की हिस्सेदारी के लिहाज से 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से 15 विकसित देश शामिल थे। 2021 में डिजिटल करेंसी रखने के मामले में दुनिया के शीर्ष 20 देशों में भारत सातवें स्थान पर था। क्रिप्टोकरेंसी भारत में करीब दस साल पहले आ गई थी। 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टोकरंसी को बैन कर दिया था। लेकिन दो साल पहले देश के सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रतिबंध हटा दिया और तब से भारत में क्रिप्टोकरेंसी का बाजार तेजी से बढ़ा है। एक शोध संस्था के मुताबिक जून 2021 तक एक साल में ही भारत का क्रिप्टोकरेंसी बाजार 650 फीसदी बढ़ चुका था। इसी साल आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्रिप्टो और एनएफटी को वर्चुअल डिजिटल संपत्ति के तहत लाने का एलान किया था। इससे होने वाली कमाई पर 30 फीसदी का टैक्स लगाया गया था। एक फीसदी टीडीएस अलग से लगाया गया। इससे क्रिप्टो कारोबार को एक तरह की कानूनी मान्यता मिल गई। बहरहाल, ये सवाल बना हुआ है कि क्या ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना उचित है, जिसका संचालन ही भ्रामक है।

# खान, खनिज उद्योग 30-40 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन कम करें : सिंधिया



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खान एवं खनिज उद्योग से वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 30-40 प्रतिशत तक कम करने का आह्वान किया जिससे देश इस क्षेत्र के विकास, विस्तार और निर्यात के लिए वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।

सिंधिया ने फिक्की के सहयोग से एनएमडीसी द्वारा यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'इंडियन मिनरल्स एंड मेटल्स इंडस्ट्री: ट्रांजिशन टूवर्ड्स 2030 एंड विजन 2047' को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग 7-8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उभरती वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और प्रभावशाली बनाने के लिए अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना जरूरी है। उन्होंने जोर दिया, हमें 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने की जरूरत है। जब हम अपनी कंपनियों के माध्यम से भारतीय ब्रांड को देखना चाहते हैं तो हमें मदर ब्रांड 'मेड इन इंडिया' की ब्रांडिंग पर भी ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारा मूल ब्रांड उत्पाद की उच्चतम गुणवत्ता की पहचान होना चाहिए।

सिंधिया ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत में इस्पात उत्पादन क्षमता 30 करोड़ टन तक पहुंच जायेगी और देश के इस्पात के शुद्ध आयातक की जगह एक प्रमुख निर्यातक बनने की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत न केवल एक निर्यातक देश है, बल्कि यह एक बड़ा उपभोक्ता देश भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि देश की प्रति व्यक्ति स्टील खपत बढ़ेगी और 2047 तक मौजूदा विश्व औसत 225 किग्रा तक पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा, यदि आप वर्तमान वैश्विक प्रति व्यक्ति इस्पात उपभोग के वर्तमान औसत 225 किलोग्राम से तुलना करें तो 2013-14 में देश में 57.8 किलोग्राम प्रति व्यक्ति खपत थी जो मात्र आठ वर्षों में 50 प्रतिशत वृद्धि के साथ 78 किलोग्राम प्रति व्यक्ति तक पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक प्रति व्यक्ति यह खपत तिगुनी होकर 225 किलोग्राम तक पहुंच जायेगी।

सिंधिया ने कहा कि देश की इस्पात उत्पादन क्षमता पिछले आठ वर्ष में 10 करोड़ 20 लाख टन से बढक़र 15 करोड़ 40 लाख टन तक पहुंच गयी है।

उन्होंने कहा, वर्तमान में हम 12 करोड़ 10 लाख टन इस्पात का उत्पादन कर रहे हैं जबकि वर्ष 2013-14 में यह मात्र आठ करोड़ टन था। सभी चारों मापदंडों पर भारतीय इस्पात उद्योग न केवल मजबूती से कदम बढ़ा रहा है बल्कि हम दुनिया के चौथे उत्पादक से दूसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक बनने की ओर अग्रसर हैं।

केन्द्रीय इस्पात मंत्री ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में पहले पायदान पर खड़ा देश हमसे काफी आगे हैं, लेकिन एक दिन ऐसा आयोगा, जब भारत दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बनेगा। केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस मौके पर कहा कि सरकार ने एक राजस्व बंटवारा मॉडल पेश किया है, जिसके अनुसार खनिजों के शुरुआती उत्पादन पर राजस्व हिस्सेदारी पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि 2021 में, एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन किया गया था ताकि चूना पत्थर, लौह अयस्क और बॉक्साइट ब्लॉकों के खनन पट्टे के लिए नीलामी की अनुमति दी जा सके।

जोशी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में विभिन्न प्रमुख खनिजों के कुल 190 ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। चालू वित्त वर्ष में सरकार ने 36 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है। उन्होंने कहा कि भारतीय खनिज और धातु क्षेत्र के लिए उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर उपलब्ध सर्वोत्तम तकनीकों को अपनाना अनिवार्य है। जोशी ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों और व्यापारियों को अपना व्यवसाय बढ़ाने में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए सदैव तत्पर है। सरकार का मानना है कि व्यापार बढऩे से सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी जिससे गरीब कल्याण योजनाओं को लागू करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कार्यक्रम में खनन और धातु उद्योग से जुड़े लोगों ने कहा कि दो दिवसीय विचार-मंथन से निकलने वाले निष्कर्ष से उन्हें अवगत करायें जिससे आगामी दिनों में इससे जुड़ी नीतियां और कानून बनाने में इनका समावेश किया जा सके।

# ट्विटर पर गंभीर आरोप, रेगुलेट एजेंसी को किया गुमराह

**नई दिल्ली ।** ट्विटर ने कुछ महीने पहले ही अपने साइबर सिक्योरिटी चीफ पीटर जाटको को बाहर निकाला था और इस पूर्व अधिकारी के आरोपों के आरोपों के बाद ट्विटर एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। ट्विटर के एक पूर्व सुरक्षा प्रमुख ने व्हिसलब्लोलर में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें माइक्रोब्लॉगिंग साइट् ट्विटर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ट्विटर ने अपने साइबर सुरक्षा बचाव और फेक अकाउंट्स के साथ अपनी समस्याओं के बारे में नियामकों को गुमराह किया है। इस साल की शुरुआत में ट्विटर से निकाले गए पीटर जाटको ने पिछले महीने अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग, संघीय व्यापार आयोग और न्याय विभाग में शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं कि ट्विटर ने एक मजबूत सुरक्षा योजना होने का झूठा दावा करके एफटीसी समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है। जाटको ने बताया है कि स्पैम या फेक अकाउंट से निपटने में धोखे का आरोप लगाया है। हालांकि जाटको की रिपोर्ट्स सामने आने के बाद ट्विटर के प्रवक्ता ने जाटको को इस साल जनवरी में कमजोर प्रदर्शन के चलते उनसे पद से हटा दिया था।

# राधाकिशन दमानी के इस स्टॉक ने बदली निवेशकों की किस्मत, एक साल में पैसा डबल



**नई दिल्ली ।** पिछले एक साल में जिन कुछ स्टॉक ने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। उसमें राधाकिशन दमानी का स्टॉक भी शामिल है। एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट के शेयर का भाव पिछले एक साल के दौरान 157.65 रुपये से बढक़र 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी जिन निवेशकों ने एक साल पहले इस स्टॉक पर दांव लगाया होगा उनका पैसा अब डबल हो गया। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से इस साल शेयर बाजार में काफी उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। आइए जानते हैं इस साल एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट के शेयरों ने कैसा रिटर्न दिया है? बुधवार (24 अगस्त 2022) को कंपनी के शेयर 2.50 प्रतिशत की उछाल के साथ 52 सप्ताह के उच्चतम 322.65 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। हांलाकि इसके बाद कंपनी मुनाफावसूली का शिकार हो गई। और देखते ही देखते कंपनी के शेयर का भाव एनएसई में लुढक़ कर 316.50 रुपये के लेवल पर आ गया। सुबह 11:40 बजे कंपनी के शेयर 323.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयर का भाव 245 रुपये से बढक़र 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी सिर्फ एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों 30 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने की बात करें तो एस्ट्रा माइक्रोवेव के शेयरों का भाव 175 रुपये के लेवल से बढक़र 322 रुपये के लेवल पर आ गया है। यानी इस दौरान कंपनी के शेयरों में 80 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। वहीं, इस साल राधाकिशन दमानी के इस स्टॉक की कीमत में 90 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई है। साल 2022 की शुरुआत में कंपनी के शेयर का भाव 233 रुपये से बढक़र 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट सुब्रतो कप की दो साल के बाद वापसी, 6 सितंबर से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं

**नई दिल्ली।** सुब्रतो कप के 61वें संस्करण का आयोजन 2 साल के बाद होने जा रहा है। कोरोना के चलते इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्टस एजुकेशन सोसाइटी एवं एयर फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किये जाने वाले इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की आज घोषणा की गयी जो कि 6 सितंबर से 13 अक्टूबर के बीच हर बार की तरह नई दिल्ली में खेला जाएगा। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्टस एजुकेशन सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी एवं विंग कमांडर यशवंत सिंह पंघल ने कहा कि 'मुझे ये बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि सुब्रतो कप का आयोजन हम फिर से कर पा रहे हैं। जिसका उद्देशय भारत में ज़मीनी स्तर पर फ़ुटबाल को प्रमोट करना है। सितंबर में इस प्रतियोगिता का आयोजन होने करने जा रहे हैं।'

सुब्रतो कप का आयोजन 3 कैटेगरी में किया जाएगा। सब जूनियर बॉयज़ (अंडर-14) जिसकी शुरूआत 6 सिंतबर को होगी और 15 सितंबर को इसका फाइनल खेला जाएगा। जूनियर गर्ल्स (अंडर-17) जो 19 सितंबर से शुरू हो कर 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। वहीँ जूनियर बॉयज़ (अंडर -17) केटेगरी की शुरुआत 3 अक्टूबर को होगी जिसका फाइनल 22 अक्टूबर को होगा और



इसी दिन सुब्रतो कप का समापन समारोह भी निर्धारित है। सुब्रतो कप के उद्घाटन समारोह और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्टस पर होगा। वहीं इस प्रतियोगिता के विजेता,उपविजेताओं को विभीन्न आयु वर्ग में कुल 23 लाख की धन राशि दी जाएगी। अन्य धन राशि वाले पुरस्कार जैसे फेयर प्ले, बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट कोच एवं बेस्ट स्कूल हैं।

**75 खिलाड़ियों को मिलेगी छात्रवृत्ति-** सुब्रतो कप में कई महानतम फुटबाल खिलाडिय़ों का एक पैनल तीनों श्रेणियों से 25 सर्वश्रेष्ठ खिलाडिय़ों को स्कालरशिप के लिए चुनेगा। जूनियर बॉयज़ केटेगरी एवं जूनियर गर्ल्स केटेगरी से चुने गए 25-25 बच्चों को 25 हज़ार की छत्रवृत्ति जबकि सब-जूनियर्स बॉयज़ श्रेणी से टॉप 25 बच्चों को 15 हज़ार की स्कॉलर्शिप प्रदान की जाएगी।

# हरभजन सिंह ने शुभमन गिल की तुलना सचिन से की

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की तारीफ के पुल बांधते हुए कहा है कि उनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली एवं केएल राहुल जैसी काबिलियत है और वह भविष्य में भारतीय टीम का कप्तान बन सकते हैं।

वह (शुभमन गिल) एक सुलझे हुए बल्लेबाज हैं। उनकी तकनीक सधी हुई है और शॉट चयन बेहतरीन है। मैं उन्हें बल्लेबाजी के मामले में रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल के साथ रखूंगा। वह बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों का मनमोह लेते है।

हरभजन ने बताया कि जब वह विजय हजारे ट्रॉफी 2017 में पंजाब की कप्तानी कर रहे थे, तब उन्हें 17 वर्षीय गिल के बारे में पहली बार पता चला।

उन्होंने कहा, चयनकर्ताओं ने मुझे गिल के बारे में बताया। उन्होंने कहा वह प्रतिभावान खिलाड़ी है। हम उसे इस साल रणजी ट्रॉफी में खिलाएंगे, वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। मैंने इस पर जवाब दिया कि अगर वह प्रतिभावान है, तो हम उसे भविष्य



की जगह अभी क्यों न खिलाएं? चयनकर्ताओं ने मुझसे पूछा कि क्या मैं उन्हें लेकर निश्चिंत हूं, मैंने कहा मैं 100 प्रतिशत निश्चिंत हूं।

गिल ने हरभजन के भरोसे पर खरे उतरते हुए अपने दूसरे मैच में ही असम के खिलाफ 121 रन की शतकीय पारी खेली थी। आगे चलकर उन्हें रणजी ट्रॉफी में भी पंजाब के लिए अपने दूसरे मैच में 129 रन बनाये थे।

हरभजन ने कहा, जब वह पहली बार पंजाब के लिये खेले तो मुझे समझ आया कि उनके पास तेज गेंदबाजी खेलने के लिए बहुत समय है। वह छोटी गेंदों को बहुत अच्छा खेलते हैं, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने योग्य बनाता है। वह छोटी गेंद को स्क्वैर लेग की जगह मिड-ऑन और मिड-विकेट की ओर खेलते हैं, जो दिखाता है कि उनके पास कितना समय है।

# सिंघम-3 के बाद गोलमाल का नया पार्ट लाने की तैयारी कर रहे रोहित शेट्टी



हिंदी सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर रोहित शेट्टी अपने बेबाक अंदाज के लिए हमेशा ही पहचाने जाते है। हाल ही में उन्होंने एक्टर अजय देवगन के संग आने वाली मूवी 'सिंघम 3' की घोषणा भी कर दी थी। अब उन्होंने अपनी एक और सुपरहिट फिल्म के अगले पार्टी का एलान कर दिया था। रिपोट्र्स का कहना है कि, डायरेक्टर ने कन्फर्म किया है कि वह एक बार फिर से अजय देवगन संग वह 'गोलमाल 5' बनाने वाले है।

खबरों का कहना है कि रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी ने लोगों का जमकर मनोरंजन भी कर दिया है। इस फ्रेंचाइजी की चार मूवी आ चुकी हैं। अब इसके पांच वे पार्ट के बारे में सुनकर फैंस के मध्य हंगामा मच गया है। 'मीडिया की मानें तो आने वाली वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' पर काम कर डायरेक्टर रोहित शेट्टी 'गोलमाल फ्रेंचाइजी' की अगली मूवी 'गोलमाल 5' के लिए कमर कस लिए है। उन्होंने खुद इस बात को इंटरव्यू में कंफर्म किया कि वह 'गोलमाल' के अगले पार्ट पर कार्य काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार 'सिंघम' के ठीक बाद या उसके एक और वर्ष हो बाद इस पर काम करना शुरू कर देंगे। रोहित ने यहां तक साझा किया कि दो वर्ष से कोरोना महामारी ने सब कुछ बदल चुका है। इस कारण से वह 'गोलमाल' शुरू नहीं कर सके क्योंकि उन सभी के लिए काम का एक बड़ा बैकलॉग था।

# कृष 4 अपडेट : कृष 3 के अंत से होगी कृष 4 की शुरुआत




अगर कोई एक किरदार है, जिसके लिए अभिनेता ऋ तिक रोशन को सबसे ज्यादा याद किया जाता है, तो वह भारतीय सुपरहीरो कृष का होना चाहिए। ऋतिक रोशन अपनी कृष मूवीज को लेकर हमेशा चर्चा में रहे है, वही एक बार फिर उनकी फिल्म कृष 4 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आयी है , सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि कृष 3 जहा से ख़त्म हुई थी वही से कृष 4 की शुरुआत होगी। इस फिल्म में तीसरे पार्ट को आगे बढ़ाया जायेगा वही कुछ किरदार बदले जायेंगे साथ ही रोमांचक ट्विस्ट और जबरजस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। फिल्म के निर्देशक राकेश रोशन कृष 4 की स्क्रिप्ट तैयार कर रहे है, वही कृष पार्ट 1, पार्ट 2, पार्ट 3, देखने के बाद लोगो में उत्साह और बड़ गया है, फैंस को फिल्म आने का इंतज़ार भी है।

# मेहमानों को नए ट्विस्ट के साथ पिलाएं कॉफी



मशरूम से आपने कई तरह के स्टार्टर और मेन कोर्स में सर्व की जाने वाली डिशेज बनाई होंगी, पर क्या आपने कभी मशरूम की कॉफी ट्राई की है? अगर नहीं, तो इस बार लुत्फ उठाएं इस कॉफी का।

**सामग्री :**

1/3 कप ब्रीयूड एस्प्रेसो, 1 कप दूध, चुटकीभर सी-सॉल्ट, चुटकी भर दालचीनी, 2 टीस्पून कोको पाउडर, 1 टीस्पून आमंड बटर, 1 टीस्पून मैपल सीरप, 1 टीस्पून मशरूम पाउडर

**विधि :**

- एक ब्लेंडर में मशरूम पाउडर, मैपल सीरप, आमंड बटर, कोको पाउडर, दालचीनी और सी-सॉल्ट मिलाकर ब्लेंड कर लें।
- इसके बाद पैन में दूध को अच्छी तरह गरम कर लें। अब दूध में ब्लेंडर जार वाला मिश्रण डाल दें।
- इसे अच्छी तरह मिलाएं। ऊपर से ड्राइड मशरूम और कोको पाउडर से गार्निश कर तुरंत सर्व करें।

सेहत के लिए है सही

मशरूम से बनी कॉफी टेस्ट में तो जायकेदार है ही, सेहत के लिए भी काफी अच्छी है। इसे किसी भी दूध से बनाया जा सकता है। अगर आपको लैक्टोज़ इन्टॉलरेंस की समस्या है तो आप सोय मिल्क या आमंड मिल्क का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

शेफ टिप्स

- मशरूम को धूप में सुखाकर पीस लें।
- इससे मशरूम पाउडर तैयार हो जाएगा।
- वैसे यह आपको सुपर मार्केट या ऑनलाइन ग्रॉसरी स्टोर से मिल जाएगा।
- क्रीमी टेक्सचर के लिए इसमें फ्रेश कीम ऊपर से मिला सकते हैं, इससे कॉफी का टेस्ट दोगुना हो जाता है।

## शब्द सामर्थ्य- 173

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्रा | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 173

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेस में रुका हुआ पैसा आपको मिल सकता है। आपको किसी विशेष काम में दसरे लोगों की मदद मिल सकती है। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे।

***वृष :*** आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा।

***मिथुन :*** आपका दिन बढिय़ा रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

***कर्क :*** आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी।

***सिंह :*** आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

***कन्या :*** आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफल भी हो सकते हैं। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है।

***तुला :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आर्थिक स्थिति में प्रगति हो सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है।

***वृश्चिक :*** आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। आपसी समझ और प्यार आपके दाम्पत्य संबंधों को और भी बेहतर बनायेंगे। सामाजिक जीवन भी आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा।

***धनु :*** जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर आपके रिश्ते मधुर होंगे। नियमित योग करने से आपका स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहेगा। कुछ कामों में आपको अधिक समय लग सकता है।

***मकर :*** आपका दिन मिला-जुला रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है।

***कुंभ :*** आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में तरक्की सामान्य रूप से बनी रहेगी।

***मीन :*** आपका दिन शानदार रहेगा। कोई दोस्त आपसे घर पर मिलने आ सकता है। साथ में कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की कोई योजना सफल हो सकती है।